कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 10/2024 दिनांक 27/10/2024

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 26.10.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना मरदह पुलिस टीम द्वारा चोरी के हैण्डपम्प के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 26.10.2024 को उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह मुखबिर की सूचना पर जमुआरी स्थित विनोद यादव पुत्र हरिकेश यादव ग्राम जमुवारी थाना मरदह जनपद गाजीपुर के ट्यूबेल पर लगे हैण्डपम्प को चुरा कर ले जा रहे दूधनाथ पुत्र भागवत निवासी ग्राम कशेरूआ थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर उम्र 30 वर्ष को चोरी के हैण्डपम्प के साथ गिरफ्तार किया गया तथा थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 204/2024 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1 .दूधनाथ पुत्र भागवत उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कशेरूआ थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0स0 204/2024 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना मरदह गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक

गाजीपुर